| |
|---|
| दिनांक 11.10.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 15/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना बुढाना**

- **पुलिस कार्यवाही में 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 10.10.2025 को थाना बुढाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम हुसैनपुर के जंगल में पटाखा फैक्ट्री के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त आस मोहम्मद उर्फ राठी घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजे गये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना बुढाना पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद बागपत, मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बुढाना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आस मोहम्मद उर्फ राठी निवासी ग्राम कल्याणपुर थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद आजमगढ़/थाना निजामाबाद**

**• 05 अभियुक्त गिरफ्तार**

**• लगभग 02 लाख रूपये कीमत की चोरी के 103 मोटर साइकिल टायर**

**• घटना में प्रयुक्त 02 कार**

**• 05 मोबाइल फोन**

**• 02 हजार 620 रूपये नगद**

**• 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 10/11.10.2025 की रात्रि थाना निजामाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गन्धुवई कोल्ड स्टोर के पास से 05 अभियुक्तों 1–गोपाल 2–संदीप कुमार 3–राहुल 4–अभिषेक 5–रोहित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही पर लगभग 02 लाख रूपये कीमत की चोरी के 103 मोटर साइकिल टायर, घटना में प्रयुक्त 02 कार, 05 मोबाइल फोन, 02 हजार 620 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना निजामाबाद क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना निजामाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद टायर चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त रोहित के विरूद्ध जनपद आजमगढ़, मऊ के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 14 अभियोग व अभियुक्त संदीप कुमार, गोपाल, राहुल व अभिषेक के विरूद्ध जनपद अम्बेडकरनगर, आजमगढ़ के विभिन्न थानों पर चोरी आदि के लगभग आधा–आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना निजामाबाद पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—गोपाल  निवासी बलरामपुर थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़।

2—संदीप कुमार निवासी सिकरौरा थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़।

3—राहुल निवासी बलरामपुर थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़।

4—अभिषेक निवासी बलरामपुर थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़।

5—रोहित निवासी बलरामपुर थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी**

1—लगभग 02 लाख रूपये कीमत की चोरी के 103 मोटर साइकिल टायर।

2—घटना में प्रयुक्त 02 कार।

3—05 मोबाइल फोन।

4—02 हजार 620 रूपये नगद।

5—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

**जनपद सिद्धार्थनगर/थाना मोहाना**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के माल ब्रिकी के 02 लाख 120 रूपये नगद**
- **01 ट्रक डीसीएम (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद**

दिनॉकः 11.10.2025 को थाना मोहाना व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मोहाना पुल से 03 अभियुक्तों 1—सनोज 2—प्रमोद 3—राहुल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के माल ब्रिकी के 02 लाख 120 रूपये नगद, 01 ट्रक डीसीएम (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना मोहाना क्षेत्रान्तर्गत चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मोहाना पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना मोहाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सनोज निवासी बहेड़ी थाना हुजुरपुर जनपद बहराइच।

2–प्रमोद निवासी बहेड़ी थाना हुजुरपुर जनपद बहराइच।

3–राहुल निवासी गायघाट थाना डीह जालन जनपद मुजफ्फरपुर, बिहार।

**बरामदगी**

1–चोरी के माल ब्रिकी के 02 लाख 120 रूपये नगद।

2–01 ट्रक डीसीएम (बिना नम्बर प्लेट) आदि।

———————